# नगरीय विकास में पर्यटन गतिविधियों की अहम भूमिका : गुप्ता


केन्द्रीय समिति सदस्य बनने पर चेम्बर पदाधिकारी केके गुप्ता का अभिनंदन किया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित चेम्बर भवन में अध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक में महामंत्री प्रभूलाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन दोशी, पवन जैन व बदामीलाल वखारिया भी मंचासीन रहे। बैठक में सर्वप्रथम चेम्बर अध्यक्ष गुप्ता को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ठाामीण (एस.बी.एम.-जी) द्वितीय चरण के तहत राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति का सदस्य बनाए जाने पर उनका अभिनंदन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि यह नगर मे निवासरत साधु संतों का आशीर्वाद जिसमें तरुण सागर जी, महाराज पुलक सागर जी महाराज, अनुभव सागर जी महाराज, सुनील सागर जी महाराज तथा अनेकों साधु 2015 से 2020 तक तथा शहर में स्थापित 19 देवालयो का जीर्णोद्धार देवताओं के आशीर्वाद शहर में स्थापित रोटी बैंक मे गरीब और असहाय लोगों की दुआओं तथा शहर में रहने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं 51000 लोगों की दुआओं से ही संभव है कि डूंगरपुर जैसे छोटे निकाय के पूर्व सभापति को भारत सरकार द्वारा इतना बडा दायित्व दिया गया है। गुप्ता ने संतों का बखान किया तथा कहा कि यह संत हमारे लिए भगवान के समान है। इनका आदर सत्कार और इन से प्रेरणा लेने वाले कभी पीछे नहीं रहते। जो साधु जीवन में अपना सब कुछ त्याग कर जनसेवा एवं समाज को संदेश देने के लिए बिना खाए पिए बिना किसी दिशा के नंगे पांव चलकर हम सब के उत्थान के लिए भ्रमण करते हैं तथा अपनी तपवाणी से हमारा कल्याण करते हैं।

गुप्ता ने कहा कि किसी नगरीय संरचना के विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर वहां की पर्यटन गतिविधियां महत्ती भूमिका निभाती है। नगर मे यदि पर्यटक आता है तो व्यवसायिक गतिविधियों को बल मिलता है साथ ही व्यापारी वर्ग मे आर्थिक विषमताओं मे कमी आती है। पर्यटन से नगर को प्रसिद्धि भी प्राप्त होती है वही, वहां की ऐतिहासिक इमारते और लोक संस्कृति को भी संवर्धन मिलता है।गुप्ता ने कहा कि हमारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स देश का सबसे बडा व्यापारिक संगठन है। जिसमे लगभग पांच हजार सदस्य है। डूंगरपुर जिले यह ऐसा पहला व्यापारिक संगठन है जो संगठन में भी मतदान करता है और सरकार बनाने के लिए भी मतदान करता है।

चैंबर व्यापारिक हितों के लिए काम करता है। इंस्पेक्टर राज को समाप्त करने भी चैंबर प्रयासरत है, हमारी मंशा है कि व्यापारी की दुकान का इंश्यारेंस हो, चोरी, बाढ़ या अन्य कारण से होने वाले नुकसान का मुआवजा व्यापारी को मिलें। डूंगरपुर जिले का हीं नहीं बल्कि प्रदेश और देश का व्यापारी सरकार बनाता है और करीब 70 फीसदी टैक्स देकर सरकार चलाता है।

बतौर राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति सदस्य गुप्ता ने कहा कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय चरण के तहत उन्हे राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति का सदस्य बनाया गया है। यह समिति देश के सभी राज्यो और केन्द्र शासित प्रदेशो मे ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वच्छता के क्षेत्र मे हो रहे कार्यो की निगरानी व बजट आवंटन का कार्य करेगी।

## सार-समाचार

### फार्मासिस्ट दिवस पर किया रक्तदान



**बांसवाड़ा, (निसं)।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में बांसवाडा फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में फार्मासिस्ट याशिका जैन, रविश जेम्स, सुभाष चंद्र बुनकर, ललित परमार, प्रियांक जोशी ने शामिल रहे। इसके पश्चात् हुई बैठक में यूटीबी पर लगे फार्मासिस्ट के वेतन संबंधी समस्या के निराकरण के लिए रणनीति बनाई गई। साथ नई कार्यकारिणी गठित करते हुए अध्यक्ष रोहिताश्व पाटीदार, उपाध्यक्ष हरेन पंड्या, सचिव प्रियांक जोशी, सहसचिव याशिका जैन, संघठन मंत्री मुकेश वर्मा, मीडिया गोविंद सोनी, कोषाध्यक्ष रविश जेम्स चुने गए। बैठक में टीएसपी क्षेत्र की एसीपी के लिए रूपरेखा बनाई गई। बैठक में एनएमएच, यूटीबी, कॉऑपरेटिव एव स्थायी कर्मचारियों द्वारा टीएसवी क्षेत्र में चिकित्सा सेवा को आगे ले जाने एवं एमएनडीवाय सफल संचालन के लिए चर्चा की गई। एमएनडीवाय के बढते दायरे के चलते विगत 6 वर्षो से लंबित 41०5 पदों पर फार्मसिस्ट भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

### भंडार से निकली राशि की गिनती की

**कपासन, (निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनि महाराज आली के भंडार से 20 लाख 51 हजार 940 रुपए की भेंट राशि निकली , चिल्लर गिनती सोमवार को की जाएगी । शनि महाराज प्रबंध कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया की कमेटी के अध्यक्ष छगन लाल गुर्जर उपाध्यक्ष सत्यनारायण जाट संरक्षक नरेंद्र पाल सिंह की मौजूदगी में मुख्य मंदिर नवठाह मंदिर तेल कुंड सहित आदि के भंडार खोले गए। जिसमें से राशि निकाली गई वही मंदिर परिसर में गिनती की गई। वोटों की गिनती रात तक पूरी हुई जिसमें कुल 20 लाख 51 हजार 940 रुपए की भेंट राशि निकली। बाकी चिल्लर की गिनती सोमवार को की जाएगी इस दौरान मनोनीत उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा गणपत लाल कुमावत, संजय कुमार शर्मा , पवन सांखला, गोपाल सुथार, कालू लाल कीर, भेरू लाल गाडरा, रतन लालसुथार, देवीलाल गाडरी , मांगीलाल कीर, मदन सिंह , नारायण लोधा सहित आदि सदस्य मौजूद रहे।

### दो वर्ष बाद खनकेंगे डांडिया

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर नगर एवं आसपास क्षेत्र के शक्तिपीठों व देवालयों में सोमवार से नवरात्रि घट स्थापना की जाएगी तो वहीं दो वर्ष बाद विभिन्न स्थानों पर डांडियों की खनक भी शुरु होगी। नवरात्रा पर्व को लेकर विभिन्न शक्तिपीठों, देवालयों पर तैयारियां जोरों पर चल रही है। शक्तिपीठों में माताजी को विशेष श्रृंगार धराया गया तो देवालयों में विशेष आंगी की गई। नवरात्रि पर्व के तहत बीजासर माता, कालिका माता, वनखण्डेश्वरी माता, अम्बा माता, राठौड़ बावजी गुन्दी वाले जूनी भीण्डर, भदेरिया भेरुजी देवालय, चकतिया बावजी आदि स्थानों पर तैयारियां पूर्ण हो चूकी है। साथ ही नगर के महालक्ष्मी चौक कुम्हारवाड़ा, रघुनाथद्वारा चौक, गिरवल पोल चौक, पंचायत समिति के सामने, मोचीवाड़ा, गायत्री चौक, हरिजन मोहल्ला आदि स्थानों पर दो वर्ष बाद गरबा पाण्डाल सजाएं जा रहे है। कोरोना माहमारी के बाद दो वर्ष बाद इन सभी स्थानों पर शाम से गरबा का आयोजन किया जाएगा। वहीं क्षेत्र के सुन्दरपुरा, जेतपुरा, केदारिया, बांसड़ा, चारगदिया, निमड़ी, कुंथवास, सालेड़ा, धारता आदि गांवों में भी आयोजन किया जाएगा।

### डॉक्टर उदयपुर में बरसाएंगे रन

**उदयपुर, (कासं)।** दिनरात मरीजों के सुस्वास्थ्य, सेवा और अपनी ड्यूटी के बीच चिकित्सक कभी अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं ऐसे में उन्हें तनावमुक्त रखने तथा आपसी मेल जोल के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवे संस्करण का आयोजन नवम्बर में किया जाएगा। डॉक्टर्स टी 20 ब्लास्ट के 5 वें सीजन के लिए 12०खिलाडियों का ऑक्शन पोईन्ट्स के आधार पर किया गया। ऑक्शन के दौरान डॉ. लाखन पोसवाल, डॉ. आनंद गुप्ता, नारायण सिंह राव, डॉ. निलेश मेहता, डॉ. अंलकार गुप्ता, डॉ. सपन जैन, डॉ. रामवीर सिंह, नरेश शर्मा और कमलेश अतिथि के रूप में तथा टीम के कप्तान डॉ. मनीष धाकड, डॉ. भगवान विश्नोई, डॉ. प्रकाश जैन, डॉ. हेमन्त खाजा, डॉ. अरविंद यादव, डॉ. रमेश पटेल, डॉ. विजय रजक तथा फ्रेन्चाइजी में जीएमसीएच, पीआईएमएस, आरएनटी, अनंता मेडिकल कॉलेज, कनक निलेश हॉस्पिटल, अर्थ डायग्नोस्टिक, मेडिसेंटर और शांतिराज हॉस्पिटल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### समिति का गठन

**राजसमंद, (निसं)।** महाराणा राजसिंह की जयंती पर आयोजित किए जा रहे 5 दिवसीय राज महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश तैलंग की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम संयोजक सतीश आचार्य एवं सह संयोजक अनिल खण्डेलवाल ने बताया कि समिति में ललित साहू, लीलेश खत्री, गिरीराज श्रीमाली, जगदीश कुमावत, भरत पालीवाल, चंचल नंदवाना, जीवनसिंह सोलंकी, जगदीश पालीवाल, हेमेंद्रसिंह मारवाड, प्रकाश जांगिड, गंगाराम भील, नरपतसिंह चौहान और प्रहलाद वैष्णव सदस्य बनाया गया। समिति की बैठक सोमवार शाम 6 बजे निजी वाटिका में आयोजित की जाएगी।

### पंडित दीनदयाल जयंती मनाई

**देवगढ़, (निसं)।**भारतीय जनता पार्टी द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत मन की बात एवं भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा श्री पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय की जन्म जयंती स्थानीय मंडल कार्यालय कोतवाली चबूतरा पर मनाई गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमर सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कंसारा वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन गिरी गोस्वामी पालिका अध्यक्ष शोभालाल रैगर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सेवा पखवाड़ा संयोजक गोविंद कंसारा पार्षद आरती कच्छावा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिल्पा सेन एवं महामंत्री युगराज जोशी उपस्थित रहे।

### दस लक्षण तप उद्यापन सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री कोटडिया जी दिगम्बर जैन मंदिर जी मे पूजा पत्नी नीरव जैन, दीपल पुत्री पंकज एस जैन के दस लक्षण तप आराधना के उपलक्ष में अंजना देवी शांतिलाल कोटडिया परिवार द्वारा उद्यापन रखा गया। जिसमे सभी समाजजन ने भाग लेकर पूजा की एवं पद्मावती माताजी को पूरा श्रृंगार किया। जिसमे महालक्ष्मी कोटडिया, पुष्पा सेठ, जयश्री सेठ एवं प्रभा कोटडिया द्वारा व्यवस्था बनाते हुए पूजा में 181 अर्घ फलो के साथ चढाए गए।

इस असवर पर समाज के अध्यक्ष दीग्पाल गांधी, सचिव विजय सेठ, अजित गांधी, रवि सेठ, जगदीश कोठारी, कैलाश गांधी, प्रदीप कोटडिया, संजय गांधी, देवेंद्र कोटडिया, महावीर वोरा, सुदर्शन वोरा, महेंद्र गांधी, राजेश डेडूं, ऋषभ कासलिवाल आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### माडा संस्थान का अवलोकन किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति भारत सरकार के सदस्य के के गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के कार्य का आगाज माडा ग्राम से प्रारम्भ कर माडा संस्थान के निदेशक देवीलाल व्यास के साथ संस्थान के कार्यो का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि केके गुप्ता ने माडा संस्थान ने कहा कि भगवान होते है किंतु आज मैंने माडा संस्थान के निदेशक की 4० वर्षो की सेवा सुश्रुआ में भगवान को आज साक्षात देखा। जनजाति बाहुल्य के इस डूँगरपुर जिले में ऐसी एक अकेली संस्थान है जो गरीब, जरूरतमंद और दीनदु:खियों के लिए धरातल पर कार्य कर उनको नि:स्वार्थ सेवाएं दे रही है। गुप्ता ने कहा कि मैं संस्थान के कार्यो के अनुभव को भारत वर्ष में करवाने का कार्य करूंगा।संस्थान के निदेशक व्यास ने बताया कि आइकये स्वीडन कंपनी के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रो में किसानों को छोटे छोटे बायोगैस प्लांट सब्सिडी पर वितरित किये गए।बायो गैस प्लांट में प्रतिदिन 40० किलो गोबर काम मे लिया जाता है जिससे घरेलू गैस का उपयोग किया जाता है और जो अपशिष्ट निकलता है उससे खाद बनाया जाता है एवं इस प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट तरल को संस्थान द्वारा एक रुपये लीटर लेकर उसका डीएपी खाद बनाया जाता है जिसे संस्थान किसानों को बेचा जाता है।बायोगैस से बनाये जाने वाले खाद उपजाऊ होती, जिससे फसल अच्छी होती है तथा जमीन में दीमक भी नही लगती।इस बायो गैस प्लांट से ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता होगी आये क्षेत्र की जनता स्वस्थ होगी।

### जनजाति स्काउट गाइड शिविर सम्पन्न

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पर जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर, जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर एवं निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिला संगठन आयुक्त स्काउट छैलबिहारी शर्मा ने बताया कि समापन समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व सभापति आशा पालीवाल एवं पूर्व प्रधान शांतिलाल कोठारी थे। विशिष्ट अतिथि पार्षद मोनिका खटीक एवं मधु लता व्यास थी। शिविर में देवगढ कोलेज, राउमावि सेवंत्री, एसआरके कोलेज सुभाष ओपन रोवर व मीरा ओपन रेंजर टीम के रोवर्स, रेंजर्स, राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास राजसमंद, पुठोल, नाथूवास सहित राउमावि भाटोली, आदर्श विद्या मंदिर धोइंदा, इम्मानुएल मिशन स्कूल राजनगर, एलपीएस स्कूल जेके ग्राम के स्काउट्स, गाइड्स ने भाग लिया। शिविर संचालन में राधेश्याम राणा, अरुण पालीवाल, राजदीपसिंह सान्दू, मक्खनलाल कुमावत, डालचंद बागडी, रोशनलाल रैगर, लालूराम गरासिया, सुरेंद्र कुमार चरनाल, मधुसूदन सेन, नारायणलाल सुथार, विमला आमेटा, अनुपमा कसेरा, निर्मला राणा, कलावती शर्मा, लक्ष्मी बैरवा आदि उपस्थित थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन


पं. उपाध्याय की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**डूंगरपुर, (निसं)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच डूँगरपुर के पदाधिकारियों द्वारा मंच के प्रदेश संगठन मंत्री के सानिध्य में पंडित उपाध्याय 106वीं जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में मंच के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल ने पंडित जी के एकात्म मानववाद पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि पंडितजी का जीवन सादगी भर था, वे समाज के निचले क्रम के व्यक्ति के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने अपने एकात्म मानव वाद में कहा कि समाज मे निचले स्तर पर स्थित व्यक्ति के जीवन मे सुधार होना आवश्यक है।

इस अवसर पर मंच के अनिल सुथार, दीपक पँचाल, अनिता सुथार, वर्षा, माया पँचाल, विजेता पँचाल, भाजपा नगर महामन्त्री नयन सुथार, नगर मंत्री नरेंद्र आर्य उपस्थित हुए। अंत मे महिला जिला अध्यक्ष माया सुथार ने आभार माना।इसी प्रकार भाजपा नगर मण्डल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। नगर महामंत्री नयन सुथार ने बताया कि सुबह 9.45 बजे से भाजपा पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता एवम जनप्रतिनिधि मैरिज हॉल के बाहर एकत्रित हुए एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में उनकी मूर्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकम में जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया, जिला महामंत्री धनपाल जैन, सभापति अमृत कलासुआ, पूर्व उपसभापति पूरणमल दावडा, नगर महामंत्री, नयन सुथार, पुष्कर चौबीसा, मनोहर पटेल, किरनेश्वर चौबीसा, गजेन्द्र जैन, दिनेश चौबीसा, हर्ष शर्मा, मुकेश नागदा, राजकुमारी प्रजापत, मणिलाल डामोर, चेतन श्रीमाल, मुकेश श्रीमाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

जीएसटी करदाताओं के लिए अत्याधुनिक सुधार

ई-इनवॉइस

दिनांक 1 अक्टूबर, 2022 से माल और सेवाओं, या दोनों अथवा निर्यातों की B2B आपूर्ति करने वाले ऐसे करदाताओं* द्वारा ई–इनवॉइस जारी किया जाना अनिवार्य होगा जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर पिछले किसी वित्तीय वर्ष में रू.10 करोड़ से अधिक है

ई–इनवॉइस पर इनवॉइस रजिस्ट्रेशन पोर्टल द्वारा दिया गया विशिष्ट इनवॉइस रेफरेंस नंबर होता है

ई-इनवॉइस के लाभ

- एकसमान प्रारुप
- जीएसटी पोर्टल को स्वतः रिपोर्टिंग
- ई–वे बिल का स्वतः जनरेशन
- अनुपालन का कम भार
- प्रतिलेखन (Transcriptional) त्रुटियों में कमी
- इनवॉइस का निर्बाध हस्तांतरण
- स्वतः पॉपुलेटेड जीएसटी रिटर्न
- कम कागजी कार्रवाई

अधिक जानकारी के लिए अधिसूचना सं. 13/2020–केंद्रीय कर दिनांक 21.03.2020 (समय–समय पर यथा संशोधित), अंतिम संशोधन अधिसूचना सं. 17/2022–केंद्रीय कर दिनांक 01.08.2022, को देखें

cbc 15502/13/0012/2223

*छूट प्राप्त श्रेणियों के करदाताओं का विवरण जानने के लिए कृपया स्कैन करें

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

@cbic_india @cbicindia www.cbic.gov.in @cbic @cbic_india @CBIC INDIA